अहकाम
(नियम 26)

अज अदालत उपखण्ड अधिकारी मुकाम डूंगला जिला चित्तौड़गढ़

............................................बनाम ............................................

किस्म मुकदमा– पत्थरगढ़ी नं. 63 सन् 2025

| तारीख हुक्म | हुक्म या कार्यवाही मय इनिशिल्स जज | नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तारीख की तामील मे जारी हुए |
|---|---|---|
| 7/5/25 | प्रार्थी की ओर से वकील श्री प्रहलाद सिंह ने प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 128 एल0आर0एक्ट के तहत् मय नकल जमाबन्दी एवं नक्शा ट्रेस के प्रस्तुत किया जो बाद जांच पेश हुआ। दर्ज रजिस्टर किया गया<br>संक्षिप्त विवरण प्रार्थना पत्र इस प्रकार है कि प्रार्थी ने एक प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 128 एल0आर0एक्ट के तहत् इस आशय का प्रस्तुत किया कि मौजा नौगावा पटवार मण्डल नौगावा तहसील डूंगला की आराजी नम्बर 81/3 रकबा 0.1897 हैक्टर/बीघा भूमि स्वयं के खातेदारी होकर राजस्व रेकार्ड मे दर्ज हैं जिसका कोई स्थायी सीमा चिन्ह नहीं है। तथा विपक्षीगण आराजी के पड़ौसी है प्रार्थी और विपक्षी के मध्य आराजी सीमा को लेकर आये दिन विवाद होता रहता है, इसलिए उपरोक्त आराजीयात की पत्थरगढ़ी कराई जावे।<br>पत्रावली पर उपलब्ध राजस्व अभिलेख का अवलोकन किया गया, बहस सुनी गई। प्राथी जैर बहस आराजी का खातेदार होकर उन्हें नपती कराने का अधिकार निहित है। अतः तहसीलदार डूंगला को 1000/– अक्षरे एक हजार रूपये फीस पर कमीशनर नियुक्त किया जाकर आदेशित किया जाता है कि मुकदमा पक्षकारान की उपस्थिति में बंदोबस्ती नक्शे के अनुसार बिना किसी के कब्जे काश्त से दखल दिये मौजा नौगावा पटवार मण्डल नौगावा तहसील डूंगला की आराजी नम्बर 81/3<br>रकबा 0.1897 हे0/बीघा भूमि की पत्थरगढ़ी मुकम्मल तौर पर की जावें।<br>पत्थरगढ़ी पालना प्रतिवेदन दिनांक 22/6/25 तक न्यायालय हाजा में प्रस्तुत करें। पालना रिपोर्ट प्राप्त होने पर संलग्न पत्रावली हो।<br>पत्रावली फैसल सुमार होकर नम्बर से कम हो।<br>उपखण्ड अधिकारी<br>उपखण्ड अधिकारी<br>डूंगला<br>जिला-चित्तौड़गढ़ | |

Signature Not Verified

Digitally signed by Ishwar Lal Khatik
Date: 2025.08.18 15:34:22 IST
Reason: SelfAttested